# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 28/02/2023

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Rajasthan Patrika, Sirohi, (RAJ)**

# बटालियन प्लाटून ने सीएलजी सदस्यों के साथ की बैठक, किया फ्लैग मार्च

**कालंद्री.** आरपीएफ की वस्त्राल अहमदाबाद स्थित डी-100 बटालियन की प्लाटून ने सोमवार को स्थानीय पुलिस थाने में सहायक कमांडेंट राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में सीएलजी सदस्यों के साथ बैठक कर आरपीएफ की ओर से किए जाने वाले कार्यों की जानकारी प्रदान की। साथ ही क्षेत्र के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील इलाकों के बारे में जानकारी ली।


बैठक में शांति समिति एवं थाना क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ चर्चा कर अपने कार्य क्षेत्र के बारे में अवगत कराया। साथ ही भविष्य में शांतिपूर्ण माहौल बना रहे, इस पर चर्चा की। थाना क्षेत्र के अतिसंवेदनशील इलाकों की पहचान, दंगा भड़कने पर तत्काल पहुंचने के रास्ते, नाजुक व महत्वपूर्ण संस्थानों की स्थिति की जानकारी ली। स्थानीय थाने के थानाधिकारी गनी मोहम्मद ने परिचित अभ्यास के तहत बटालियन को थाना क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति से अवगत कराया। उसके बाद पुलिस के साथ मिलकर कस्बे में मोबाइल पेट्रोलिंग व फ्लैग मार्च किया। इस मौके पर प्रेम सिंह, ताराराम, कमलेश पुरोहित, कालूराम मेघवाल, नेनु खान, ईश्वर पुरोहित, खीम सिंह राठौड, राम सिंह, जतिन कुमार, सनत आढ़ा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



**कालंद्री.** कस्बे में मार्च करते डी-100 बटालियन की प्लाटून टीम।

Rajasthan Patrika, Jaipur, (RAJ)

# केलवा में रेपिड एक्शन फोर्स का फ्लैग मार्च



मार्च करती बटालियन व पुलिस टीम। *केलवा*

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com

**केलवा.** कस्बे में केलवा पुलिस व रेपिड एक्शन फोर्स द्वारा सोमवार को फ्लैग मार्च किया गया। मार्च के दौरान कस्बे के संवेदनशील स्थानों, मुख्य मार्गों की सुरक्षा व दंगाइयों की सूची तैयार की गई। इससे कि प्राकृतिक आपदा या अन्य कोई संकट की स्थिति होने पर मौके पर पहुंचकर उस पर कारगर ढंग से कार्यवाही की जा सके। मार्च कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा।

**लावासरदारगढ़.** क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने व लोगों में सुरक्षा की भावना को लेकर सोमवार को कस्बे में पुलिस एवं आरएएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला। मार्च पुलिस चौकी के पास नया बस स्टैण्ड से रवाना हुआ, जो कस्बे के पुराना बस स्टैंण्ड, जाटों का मौहल्ला, किला रोड सहित प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा।



रेपिड एक्शन फोर्स व पुलिस बल नगर में फ्लैग मार्च करते हुए। *आमेट*

## रूट मार्च से ली संवेदनशील क्षेत्रो के बारे में जानकारी

**आमेट.** आरएएफ की प्लाटून के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह व आमेट थानाधिकारी देवेंद्रसिंह के मार्गदर्शन में सोमवार नगर में रूट मार्च निकाला गया। थानाधिकारी ने बताया कि रूट मार्च में 83 बटालियन कंपनी के 52 कमांडो सहित सहायक कमांडेंट श्रवणलाल मीणा, इंस्पेक्टर मुकुट बिहारी जोरवाल आदि ने भाग लिया। पुलिस थाने से मार्च शुरू करते हुए बस स्टैण्ड, हॉस्पिटल रोड, होलीथान, बड़ी पोल, रामचौक, तकिया रोड, सब्जीमंडी, लक्ष्मी बाजार आदि क्षेत्रों से होकर मार्च किया।

Yesbabhu News, Kurukshetra, (HR)

# नागरिकों का मनोबल बढ़ाने को रैपिड एक्शन फोर्स ने किया थाना सदर व शहर थानेसर एरिया में फ्लैग मार्च



**कुरुक्षेत्र, यशबाबू समाचार**

रैपिड एक्शन फोर्स का फ्लैग मार्च लगातार जारी है। सोमवार को आरएएफ टीम ने थाना सदर थानेसर व शहर थानेसर एरिया का भ्रमण व फ्लैग मार्च किया। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय भारत सरकार की गाईडलाईन के निर्देशानुसार 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की एक टुकड़ी कमाण्डेंट राकेश कुमार सिंह व राजीव कुमार एसिसस्टैंट कमाण्डेन्ट के नेतृत्व में जिला कुरुक्षेत्र के विभिन्न स्थानों की जानकारी जुटाने के लिये कुरुक्षेत्र पहुंची हुई है। 22 फरवरी 2023 को रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारियों ने जिला के अधिकारियों से मुलाकात कर कुरुक्षेत्र की भौगोलिक स्थिति व जिला मे स्थापित महत्वपूर्ण संस्थानों के बारे में चर्चा की थी। इस दौरान उन्होंने कुरुक्षेत्र की कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था बारे भी विस्तार से चर्चा की है।

इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुबह आरएएफ की बटालियन 194 के कमांडेंट राकेश कुमार व सहायक कमांडेंट राजीव कुमार व डीएसपी रामदत्त नैन की अगुवाई में करीब 60 जवानों की टीम ने क्षेत्र की जानकारी हासिल करने के लिए थाना सदर व शहर थानेसर एरिया में फ्लैग मार्च किया। डीएसपी रामदत्त नैन व थाना सदर थानेसर प्रभारी निरीक्षक निर्मल सिंह की टीम के साथ मिलकर थाना एरिया में फ्लैग मार्च निकाला और एरिया की जानकारी एकत्रित की। रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारीयों ने थाना एरिया के जन-प्रतिनिधियों से मुलाकात करके हालातों के बारे में जायजा लिया गया। इसके बाद रैपिड एक्शन फोर्स की टीम ने थाना शहर थानेसर प्रभारी उप निरीक्षक सतीश कुमार की टीम के साथ मिलकर एरिया में फ्लैग मार्च निकाला व थाना एरिया की जानकारी ली। रैपिड एक्शन फोर्स की इस टुकड़ी में पुरुष जवानों के साथ महिला निरीक्षक मीतू कुमारी सहित 10 महिला जवानो की टीम भी शामिल है।

रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट राकेश कुमार के मार्ग निर्देश में आरएएफ की टीम ने नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर सेक्टर-13 में सफाई अभियान चलाया। रैपिड एक्शन फोर्स के असिस्टेंट कमांडेंट राजीव कुमार ने बताया कि उनका मकसद जिला में आमजन को भयमुक्त माहोल देना, नागरिकों का मनोबल बढ़ाना व सहयोग करना है। इसी मकसद से आज जवानों ने नगर परिषद के कर्मचारियों के साथ मिलकर सेक्टर-13 में सफाई अभियान चलाया। राकेश कुमार ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के सफाई अभियान के प्रति आमजन को प्रेरित करने के मकसद से ये सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि हमारा यही सन्देश है कि जो जवान जरूरत पड़ने पर बन्दुक उठा सकते हैं अपनी देश को स्वच्छ रखने के लिए वो जवान हाथो में झाडू भी थाम सकते हैं। इस अभियान में उनके साथ जिला नगर आयुक्त नरेंद्र मलिक, थाना प्रभारी शहर सतीश कुमार, पुलिस के जवान व नगर परिषद के कर्मचारी तथा सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।